# प्राकृतिक खेती से पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवन को मिलेगा बढ़ावा : विधायक मनीषा सिंह

## कृषि विज्ञान केंद्र शहडोल में प्राकृतिक खेती एवं मिलेट्स विषय पर कार्यशाला-सह-संगोष्ठी आयोजित

शहडोल (स्वतंत्र मत)।

विश्व पर्यावरण दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र शहडोल में प्राकृतिक खेती एवं मिलेट्स (मोटा अनाज) आधारित खेती विषय पर कार्यशाला-सह-संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती से जुड़े किसान, प्रगतिशील कृषक, जनप्रतिनिधि एवं कृषि विभाग के अधिकारियों ने सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक जयसिंहनगर मनीषा सिंह ने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक है, बल्कि मानव स्वास्थ्य और आने वाली पीढ़ियों के लिए भी लाभकारी है। उन्होंने खेती-किसानी में गाय, गोबर एवं गौमूत्र के महत्व को रेखांकित करते हुए देशी प्रजातियों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया।

सहायक संचालक कृषि अनुराग पटेल ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि जिले में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन एवं परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन योजनाओं के तहत जिले के 4,125 किसानों का चयन कर उन्हें प्रशिक्षित किया गया है, जो वर्तमान में प्राकृतिक एवं जैविक खेती कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती करने वाले सभी किसानों के मृदा नमूने लेकर उन्हें मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी वितरित किए जा चुके हैं। शहडोल जिले में कोदो, कुटकी एवं रागी जैसे मोटे अनाजों की खेती प्राकृतिक विधि से की जा रही है, जिसमें रासायनिक उर्वरकों का उपयोग नहीं किया जाता

कृषि विज्ञान केंद्र शहडोल के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. मृगेंद्र सिंह ने प्राकृतिक खेती की आवश्यकता और उसके दूरगामी लाभों की विस्तार से जानकारी दी। वहीं कृषक वैज्ञानिक डॉ. बृज किशोर प्रजापति ने रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए बताया कि अत्यधिक रसायनों के प्रयोग से मिट्टी की जैविक एवं भौतिक गुणवत्ता प्रभावित होती है, जिससे उसकी उर्वरा शक्ति में लगातार कमी आती है। उन्होंने किसानों को जीवामृत के उपयोग एवं उसके महत्व की भी जानकारी दी।

प्रगतिशील कृषक राम कुशल पटेल ने प्राकृतिक विधि से पेड़ों के नीचे हल्दी, अदरक, सूरन तथा विभिन्न औषधीय फसलों की खेती के अपने अनुभव साझा किए और किसानों को कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त करने के उपाय बताए

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित किसानों एवं जनप्रतिनिधियों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त वितरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सोहागपुर हीरावती कोल, जिला योजना समिति की सदस्य अमिता चपरा, कृषि मोर्चा के रवि त्रिपाठी, सुरेश चतुर्वेदी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी चंद्रभान सिंह, शिशुपाल सिंह सहित कृषि एवं संबद्ध विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में प्राकृतिक खेती से जुड़े प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

# 20 वर्ष से एरियर्स की आस में टकटकी लगाए बैठे पेंशनर

### घटती उम्र के साथ बढ़ रही निराशा : रोहणी गर्ग

**बुढार।** सेवानिवृत्त पेंशनरों की 20 वर्ष से एरियर्स भुगतान की एक जटिल समस्या अभी तक बनी हुई है, जो पिछले दो दशकों से नही सुलझ सकी है, जिससे पेंशनरों में निराशा देखी जा रही है। वरिष्ठ पेंशनर रोहणी प्रसाद गर्ग ने तदाशय की जानकारी देते हुये कहा कि वर्ष 2005 एवं उससे पूर्व सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को अभी तक छठवें और सातवें वेतनमान का कुल 59 माह का एरियर्स नहीं मिल पाया है, वहीं प्रदेश के हजारों सेवानिवृत्त पेंशनर की समस्या का निदान नहीं किया जा सका है।

वरिष्ठ पेंशनर श्री गर्ग ने कहा कि पेंशनरों के गिरते स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र तथा सीमित आय के मध्य अपना जीवन बिता रहे हैं और इन वरिष्ठ बुजुर्गों की सबसे बड़ी उम्मीद अब सरकार के निर्णय पर टिकी है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2006 में मध्यप्रदेश सरकार ने छठवां वेतनमान लागू किया था,



जिसका भुगतान सितंबर 2008 से प्रारंभ हुआ। लेकिन उस समय सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों को 32 माह का एरियर नहीं दिया गया, और सातवें वेतनमान के अंतर्गत भी 27 माह का एरियर्स लंबित रह गया। इस प्रकार कुल 59 माह का बकाया भुगतान आज भी हजारों पेंशनरों की पहुंच से दूर है।

इस संदर्भ में पेंशनर संगठनों का यह कहना है कि इस मुद्दे को लेकर वर्षों से शासन स्तर पर मांग की जा रही है, लेकिन धारा 49(6) का हवाला देकर मामले को टाल दिया जाता रहा है, और हैरानी की बात भी है कि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों में एक ही राजनीतिक दल की सरकार होने के बावजूद इस समस्या का समाधान अभी तक नहीं निकला जा सका है।

श्री गर्ग ने कहा कि पेंशनरों का दर्द केवल आर्थिक नहीं, बल्कि भावनात्मक भी है। क्यों कि - सेवा काल में उन्होंने पूरी निष्ठा से शासन की जिम्मेदारियां निभाईं, लेकिन अब वृद्धावस्था में अपने ही अधिकार के लिए उन्हें संघर्ष करना पड़ रहा है और अनेकों पेंशनर गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं, तो कई आर्थिक अभावों में जीवन यापन करने को विवस हैं।

श्री गर्ग ने कहा कि इस मामले को लेकर पेंशनर संगठन न्यायालय भी पहुंचा और न्यायालयों से उनके पक्ष में निर्णय आने के बावजूद मामला अब तक अंतिम रूप नहीं ले सका है। सरकार द्वारा उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने से एरियर भुगतान की प्रक्रिया और लंबी होती चली गई।

पेंशनरों का मानना है कि समय के साथ उनके साथियों की संख्या लगातार कम होती जा रही है। ऐसे में उन्हें आशंका है कि कहीं न्याय मिलने से पहले ही कई लोग इस दुनिया को अलविदा न कह दें। यही कारण है कि वे मुख्यमंत्री से मानवीय आधार पर हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।

# जन कल्याण शिविरों में अब तक 22064 आवेदनों का हुआ निराकरण

**शहडोल।** जिले में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से आयोजित जन कल्याण शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक कुल 25,159 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 22,055 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं, जबकि 9 आवेदन अस्वीकृत हुए हैं। इस प्रकार कुल 22,064 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है तथा 3,095 प्रकरण लंबित हैं। ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत सोहागपुर-शहडोल विकासखंड में प्राप्त 4,657 आवेदनों में से 1,575 का निराकरण किया गया, ब्यौहारी विकासखंड में प्राप्त 3,037 आवेदनों में से 3,024 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। बुढ़ार विकासखंड में प्राप्त 4,191 आवेदनों में से 4,187 आवेदन स्वीकृत तथा 4 आवेदन अस्वीकृत किए गए हैं। इस प्रकार यहां सभी 4,191 प्रकरणों का निराकरण कर दिया गया है।

इसी प्रकार जयसिंहनगर विकासखंड में प्राप्त 4,782 तथा गोहपारू विकासखंड में प्राप्त 5,603 आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण कर लिया गया है। जयसिंहनगर के सभी 4,782 तथा गोहपारू के 5,602 आवेदन स्वीकृत किए गए, जबकि एक आवेदन अस्वीकृत हुआ।

शहरी क्षेत्र के अंतर्गत नगर परिषद बाणसागर में प्राप्त 48, नगर परिषद अमलाई में 106, नगर पालिका धनपुरी में 258, नगर परिषद बुढ़ार में 72 तथा नगर परिषद ब्यौहारी में प्राप्त 1,001 आवेदनों का पूर्ण निराकरण किया जा चुका है।

इसी प्रकार नगर परिषद बकहो में प्राप्त 337 आवेदनों में से 336 स्वीकृत एवं एक आवेदन अस्वीकृत किया गया है, जबकि नगर पालिका शहडोल में प्राप्त 1,067 आवेदनों में से 1,064 आवेदन स्वीकृत तथा 3 आवेदन अस्वीकृत किए गए हैं। इन दोनों नगरीय निकायों में भी सभी प्रकरणों का निराकरण कर दिया गया है।

जिला प्रशासन द्वारा सभी लंबित आवेदनों के शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं, ताकि पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध तरीके से योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा सके।

# विश्व योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास का किया गया आयोजन

बुढ़ार (स्वतंत्र मत)।

विश्व योग दिवस के पुनीत अवसर पर क्रीड़ा भारती बुढ़ार महाकौशल प्रांत द्वारा सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

योग करके स्वस्थ्य रहें और समाज में प्रत्येक व्यक्ति नित्य योग करें और अपने आसपास के लोगों को भी योग करने का संदेश दें, जिससे स्वस्थ्य राष्ट्र समर्थ राष्ट्र का निर्माण हो सके के पुनीत उद्देश्य से सामुहिक योगाभ्यास में उत्साही जन सम्मिलित हुये।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय तिराहा बुढार स्थल पर स्वस्थ्य भारत, समर्थ भारत निर्माण के पुनीत उद्देश्य से क्रीडा भारती द्वारा क्रीडा से निर्माण चरित्र का और चरित्र से निर्माण राष्ट्र के लक्ष्य को लेकर सूर्य नमस्कार योग कार्यक्रम का यह वृहद आयोजन रहा।



सामुहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रमुख गंगाराजीव पाण्डेय, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रविंद्र कौर छाबड़ा, क्रीड़ा भारती के प्रांत मंत्री डॉ. राकेश त्रिपाठी, जिला मंत्री प्रमोद विश्वकर्मा, महेंद्र त्रिपाठी, सी.बी. शुक्ला, रमाकांत मिश्रा, कामता शर्मा, क्रीड़ा भारती विकासखंड बुढ़ार के अध्यक्ष प्रमोद पारस, दीपक शर्मा, मनोज शुक्ला, अर्जुन सोनी, श्रीमती मिलन मार्को सहित नगर के बालक-बालिकाओं, महिलाओं एवं पुरुषों ने उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता निभाई।

इस अवसर पर - अतिथियों ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहाकि - प्रत्येक व्यक्ति जब स्वस्थ होगा तभी स्वस्थ समाज और समर्थ राष्ट्र का निर्माण होगा तथा योगाभ्यास के माध्यम से स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली का संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचेगा। क्रीड़ा भारती के प्रांत मंत्री डॉ. राकेश त्रिपाठी ने योगाभ्यास अवसर पर कहाकि - योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन का आधार है। उन्होंने सभी नागरिकों से प्रतिदिन योग करने तथा अपने आसपास के लोगों को भी योग के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

# समनापुर में सोमवार को निकलेगी भव्य भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा

### सुंदरपुर से दोपहर 1 बजे होगा शुभारंभ, सायं 5:30 बजे मंगल भवन में भंडारा प्रसादी

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** समनापुर में भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन सोमवार को किया जाएगा। इस अवसर पर भगवान श्री जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा महारानी की दिव्य रथ यात्रा सुंदरपुर, समनापुर से दोपहर 1 बजे प्रारंभ होगी। आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से सपरिवार रथ यात्रा में शामिल होने की अपील की है। रथ यात्रा के दौरान हरिनाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्रद्धालुओं को भगवान श्री जगन्नाथ के दिव्य दर्शन का लाभ प्राप्त होगा।




आयोजकों ने बताया कि भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व है। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान के रथ के दर्शन एवं सेवा से विशेष आध्यात्मिक पुण्य की प्राप्ति होती है। रथ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। रथ यात्रा के उपरांत सायं 5:30 बजे से मंगल भवन में विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म, भक्ति और उत्साह से परिपूर्ण इस दिव्य महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

# आपदा प्रबंधन, बचाव कार्य एवं नागरिक सुरक्षा की दी जा रही जानकारी

## 75 सिविल डिफेंस वालंटियरों का सात दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

डायरेक्टर जनरल होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार जिला डिंडौरी में 75 सिविल डिफेंस वालंटियरों के सात दिवसीय प्रशिक्षण का प्रथम सत्र 18 जून 2026 से प्रारंभ किया गया है। प्रशिक्षण का संचालन होमगार्ड परिसर स्थित प्रशिक्षण बैरक में किया जा रहा है।

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस वालंटियरों का पंजीयन किया गया, जिसके बाद नागरिक सुरक्षा संगठन की भूमिका, इतिहास, उद्देश्य एवं आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों द्वारा सिविल डिफेंस की 12 प्रमुख सेवाओं, सिविल डिफेंस एक्ट-1968, सिविल डिफेंस पॉलिसी-2009 तथा आपदा प्रबंधन संबंधी विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी प्रदान की गई।



प्रशिक्षण के दौरान आपदा की मूलभूत जानकारी, आपदा न्यूनीकरण (मिटिगेशन), विभिन्न आपदाओं में सिविल डिफेंस वालंटियरों की भूमिका, बचाव कार्य के सामान्य सिद्धांत, रेस्क्यू उपकरणों के उपयोग तथा संसाधनों के अभाव में अपनाई जाने वाली वैकल्पिक बचाव तकनीकों पर व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अलावा भूकंप, बाढ़, अग्निकांड जैसी प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से निपटने के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

वालंटियरों को सर्पदंश से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। इसमें जहरीले एवं गैर-जहरीले सांपों की पहचान, सर्पदंश के लक्षण, काटने के निशान तथा सर्पदंश की स्थिति में क्या करें और क्या न करें जैसे विषय शामिल रहे।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सिविल डिफेंस वालंटियरों को आपदा प्रबंधन की आधारभूत जानकारी प्रदान करना तथा जिले में संभावित आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए तैयार करना है। प्रशिक्षण में आधुनिक युद्ध प्रणाली (मॉडर्न वारफेयर), मनोवैज्ञानिक युद्ध (साइकोलॉजिकल वारफेयर), ड्रोन हमलों, एयर रेड सायरन सिस्टम एवं आगजनी की घटनाओं पर नियंत्रण संबंधी विषयों का भी समावेश किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि प्रशिक्षित वालंटियर आपदा की स्थिति में प्रशासन और आमजन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करेंगे तथा आपदा के प्रभाव को कम करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# करंजिया में किसानों को मिला सोयाबीन बीज 30-30 किलो बीज का किया गया वितरण

## जनपद अध्यक्ष उद्दे ने कहा गुणवत्तापूर्ण बीज से बढ़ेगी किसानों की आय और उत्पादकता

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।

खरीफ सीजन की तैयारी के तहत किसानों को प्रोत्साहित करने एवं कृषि उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को जनपद पंचायत करंजिया में सोयाबीन बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पात्र किसानों को 30-30 किलोग्राम सोयाबीन बीज वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत करंजिया के अध्यक्ष राजू सिंह उद्दे ने की। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। इससे किसानों की उत्पादकता बढ़ेगी और उनकी आय में भी वृद्धि होगी। उन्होंने किसानों से शासन की विभिन्न कृषि योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य प्रभु दयाल परस्ते, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार मोंगरे, भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष ऋतुराज टांडीया एवं शिवनारायण यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान, ग्रामीणजन तथा संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। किसानों ने समय पर बीज उपलब्ध कराने के लिए जनपद पंचायत एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों और बेहतर उत्पादन के लिए आधुनिक खेती अपनाने संबंधी जानकारी भी दी गई।



किसानों ने कहा कि समय पर बीज मिलने से खरीफ फसल की तैयारी आसान होगी तथा खेती की लागत कम करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम का समापन किसानों की समृद्धि और क्षेत्र के विकास के संकल्प के साथ हुआ।

# ग्राम पंचायतों को मिली टेस्ट किट

**मण्डला।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जनपद पंचायत घुघरी में जल गुणवत्ता परीक्षण एवं जल उपचार विषयक एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड की 47 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिव शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से पेयजल की गुणवत्ता जांचने की विधि, जलजनित रोगों की रोकथाम तथा जल उपचार संबंधी तकनीकी जानकारी दी गई। साथ ही जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न जल संरचनाओं के निर्माण एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता गतिविधियों के संबंध में भी विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की ओर से श्रीमती उमा गणेश लोधी ने प्रशिक्षण देते हुए जल गुणवत्ता निगरानी और सुरक्षित पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के उपायों पर मार्गदर्शन दिया।

# आज गांधी स्टेडियम में होगा 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

## सांसद के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा कार्यक्रम

**शहडोल।** आयुष विभाग मध्यप्रदेश शासन के तत्वावधान में 21 जून 2026, रविवार को 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन गांधी स्टेडियम शहडोल में प्रातः 6 बजे से किया जाएगा। इस वर्ष योग दिवस की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' निर्धारित की गई है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी उपस्थित रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रातः 6 बजे अतिथियों का आगमन एवं स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात स्थानीय जनप्रतिनिधियों के उद्बोधन होंगे। भोपाल से मुख्यमंत्री के संदेश का सीधा प्रसारण तथा कोलकाता से प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। इसके बाद प्रातः 6:30 बजे से 7:00 बजे तक सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास आयोजित किया जाएगा।



कार्यक्रम के सफल संचालन एवं समन्वय में आयुष विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों की सहभागिता रहेगी।

जिला प्रशासन ने जिले के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा स्वस्थ एवं निरोगी समाज के निर्माण में सहभागी बनने की अपील की है।

# निर्माण कार्य की गुणवत्ता और खर्च को लेकर विवाद, जनप्रतिनिधियों ने भी मांगी जवाबदेही




**सिवनी। स्वतंत्र मत।** जनपद पंचायत कुरई अंतर्गत ग्राम पंचायत बिछुआमाल में लगभग 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित खेल मैदान को लेकर विवाद गहरा गया है।

ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और खर्च की गई राशि पर सवाल खड़े करते हुए पूरे मामले की उच्चस्तरीय तकनीकी एवं वित्तीय जांच की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि खेल मैदान निर्माण के लिए लाखों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद धरातल पर कार्य अपेक्षित स्तर का दिखाई नहीं देता। उनका कहना है कि निर्माण की वास्तविक स्थिति और स्वीकृत राशि के बीच बड़ा अंतर नजर आ रहा है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

मामले को लेकर जब संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो स्पष्ट जवाब नहीं मिल सका। इससे ग्रामीणों के मन में संदेह और गहरा गया है। उनका कहना है कि यदि विकास कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ हुए हैं तो संबंधित विभाग को सार्वजनिक रूप से इसकी जानकारी उपलब्ध करानी चाहिए।

### जनप्रतिनिधियों ने भी जताई नाराजगी

जनपद पंचायत कुरई के अध्यक्ष लोचन सिंह मर्सकोले और उपाध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया ने भी मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने संबंधित उपयंत्री के कार्य व्यवहार पर सवाल उठाते हुए उनके स्थानांतरण की मांग प्रशासन से की है।

### निष्पक्ष जांच से सामने आएगी सच्चाई

ग्रामीणों ने मांग की है कि खेल मैदान सहित पंचायत में हुए सभी विकास कार्यों की स्वतंत्र तकनीकी और वित्तीय जांच कराई जाए। उनका कहना है कि निष्पक्ष जांच से यह स्पष्ट हो जाएगा कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार हुआ है या नहीं। बिछुआमाल का यह मामला अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन शीघ्र हस्तक्षेप कर मामले की जांच कराएगा और यदि कहीं अनियमितता पाई जाती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

# नया शैक्षणिक सत्र आरंभ छात्रावास से रहते है, कर्मचारी नदारद




**सिवनी। स्वतंत्र मत।** मामला सिवनी जिले के अंतर्गत आने वाले विकासखंड केवलारी के उगली के अंतर्गत निकट ग्राम मोहबर्रा सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास मोहबर्रा में नए शैक्षणिक सत्र का आरंभ हो चुका है, और स्कूलों में प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम चालू हो गया है नए सत्र के प्रवेश और अन्य गतिविधियां संचालित होने भी लगी है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय छात्रावास में अधीक्षक, रसोईया, जलवाहक व चौकीदार सभी पूरा स्टाफ मौजूद होने के बाद भी पिछले सत्र की परीक्षा अवधि समाप्ति के बाद से आज दिवस तक रसोईया अरुण चंद्रौल जो केवल औपचारिकता के आधार पर रसोईया के पद पर होने के बाद,अपने हॉस्टल में औपचारिक्ता अदा करते हैं, इन्होंने अपने कार्य में बाधा ना आए इसलिए एक मोहबर्रा के संतोष रांहगडालें को मजदूरी में अपने कार्य पर रख लिया था, जिन्हें रुपए 5000 मासिक भुगतान के आधार पर रखा गया था, जिसको उसकी मजदूरी का भुगतान भी बकाया है, दूसरी गंभीर बात हॉस्टल अधीक्षक मयूर महाजन यह भी अपने कार्य के प्रति जिम्मेदार दिखाई नहीं पड़ते, आए दिन जिला मुख्यालय और अन्य दूसरी गतिविधियों में व्यस्ततम ही दिखाई देते हैं, अगले कर्मचारी मोहबर्रा के ही एक सातुलेजी हैंहैं, जो बतौर चौकीदार है,और आगामी दो महिने बाद सेवानिवृत हो जाएंगे केवल एक जलवाहक लक्ष्मी रांहगडाले से जब पत्रकारों के दल ने गत दिवस हॉस्टल का निरीक्षण किया तो पता चला कि रसोईया पद पर अरुण चंद्रौल ने 16 जून को हॉस्टल आकर साफ सफाई साथ में करेंगे ऐसा बोला था, लेकिन आज 20-21 तारीख हो गई है उनका कोई अता पता नहीं है, इस संदर्भ में हॉस्टल अधीक्षक से जब पूछा गया तो उन्होंने बताया कि नियमित सभी कर्मचारी हॉस्टल आते हैं, हॉस्टल की गंभीर स्थिति यह है, कि नए प्रवेश के लिए प्रबंधन के पास वहां पर फार्म उपलब्ध नहीं है, बिजली व्यवस्था हॉस्टल की ठप्प पड़ी है, क्योंकि छात्रावास में विद्यालय को घर जैसा माहौल प्रदान किया जाए इसलिए यह सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, हॉस्टल के निकट ही उगली क्षेत्र की शान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहबर्रा संचालित होता है,विद्यालय के निकट हॉस्टल के हाल-चाल ऐसे हैं,जिले के बैठे हुए संवेदनशील अधिकारी माननीय कलेक्टर महोदया से प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से ग्रामीणों ने निवेदन किया है कि शीघ्र मोहबर्रा सहित उगली, सरेखा, पां. छपारा के सभी हॉस्टलों का शीघ्र निरीक्षण कर यहां की वस्तु स्थिति का जाएजा लेकर संबंधित कर्मचारीयों को अपने दायित्व का पालन करने के लिए प्रेरित करें और शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाएं।

# छपारा पुलिस ने विवाहिता महिला द्वारा आत्महत्या के प्रयास को किया विफल

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी द्वारा जिले में सामुदायिक पुलिसिंग, आम जनता के प्रति विश्वास एवं जनता की समस्याओ का त्वरित निराकरण करने हेतु सभी थाना प्रभारियों को आदेशित किया गया है।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में और अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लखनादौन अपुर्व भलावी के निर्देशन में थाना छपारा पुलिस ने आज दिनाँक 18/06/2026 को मौके पर उपस्थित लोगो की मदद से छपारा स्थित वैनगंगा नदी पर बने बड़े पुल से एक 25 वर्षीय विवाहित महिला को नदी में कूदकर आत्महत्या करने से बचाने में सफलता प्राप्त की है।

घटना थाना छपारा क्षेत्रान्तर्गत वैनगंगा नदी पर बने बड़े पुल से छपारा निवासी विशाल सिंह उर्फ टोनी पिता गोविंद सिंह ठाकुर द्वारा आज दिनांक 18/06/26 के 16.43 बजे थाना प्रभारी छपारा के मोबाईल पर फोन कर सूचना दिया कि एक महिला जो लाल रंग की टी शर्ट एवं लोवर पहनी हुई है वैनगंगा नदी पर बने बड़े पुल पर नदी की ओर लटक कर बैठी है आत्महत्या करने को उतारु है पास में जाने पर नदी में कूद कर आत्महत्या कर लूगी की धमकी दे रही है। सूचना प्राप्त होने पर तत्काल थाना प्रभारी छपारा द्वारा विशाल ठाकुर को हिकमत अमली से बताया कि महिला को बातो में उलझा कर रखो और दूसरे लोगो की मदद से बचाने की कोशिश करो। बिना विलम्ब किये थाना छपारा पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर विशाल उर्फ टोनी ठाकुर निवासी छपारा, प्रियांशु पिता दामोदर ठाकुर निवासी कोहका सिवनी एवं संदीप वर्मा पिता सुकलाल वर्मा निवासी चंदनगाँव थाना अमरवाड़ा एवं अन्य लोगो की मदद से उक्त महिला को वैनगंगा नदी मे आत्महत्या करने की कोशिश को हिकमत अमली से विफल किया जाकर उसकी जान बचायी गयी एवं सकुशल थाना लाकर परिजनो को सूचना दी जाकर परिजनो के सुपुर्द किया गया।

**महत्वपूर्ण भूमिका** - निरीक्षक खेमेन्द्र कुमार जैतवार, प्रआर विनोद कुमार बघेल, आर. आशीष सिंह चौहान, महिला आर. राधा तेकाम ।

# भीषण गर्मी में पानी का मचा हाहाकार, बैनगंगा नदी के सूखने से गिर गया इंटक वेल का जलस्तर,केन्द्रीय जल आयोग मिशन के अंतर्गत चल रहा प्रोजेक्ट



**सिवनी। स्वतंत्र मत।** सिवनी जिले के अंतर्गत केवलारी विधानसभा की उप तहसील उगली और पां.छपारा के मध्य 32 ग्राम पंचायतों को सुचारू रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए केंद्र सरकार के द्वारा प्रस्तावित नल जल योजना के अंतर्गत रियान वॉटर टैंक प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा नगर की मोक्षदायिनी बैंन गंगा नदी में निर्माणाधीन इंटक वेल ग्राम पंचायत भरवेली के अंतर्गत गत दिवस पत्रकारों ने अवलोकन किया।

इस भीषण गर्मी और निकट मानसून के बीच पेयजल की आपूर्ति होना पाया गया था, जिसके आधार पर उपस्थित अधिकारी,कर्मचारियों के द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार इंटक वेल के निकट ब्रिटिश गवर्नमेंट कालीन समय में वर्ष 1912 के समय ढूटी बाँध जलाशय का निर्माण किया गया था, इस बांध से पानी की सप्लाई गेट खोल दिए गए थे,जिसकी वजह से वैनगंगा नदी का जलस्तर नीचे गिर गया और नदी सूख गई इस वजह से इंटक वेल में वाटर सप्लाई का कार्य अवरुद्ध हो गया, और जिन ग्रामों में पेयजल की व्यवस्था सुचारू थी, वहां पर जल नहीं पहुंच पाया, उपस्थित असिस्टेंट मैनेजर सोयंग प्रकाश ने जानकारी दिया कि हम लोगों ने मजदूर और जेसीबी की मदद से वहां पर वैकल्पिक व्यवस्था किया और नदी का जलस्तर को संतुलित करने का प्रयास किया है,एक-दो दिन पानी की सप्लाई रुक गई थी, लेकिन अभी सुचारू रूप से पेयजल उपलब्ध होने लगा है, हमारे प्रोजेक्ट के अंतर्गत पूरे उगली उप तहसील के अंतर्गत कुल 24 टंकियां का निर्माण होना है जिसमें 20 टंकियां का निर्माण हो चुका है और चार टंकियां का निर्माण कार्य प्रगतिशील है, जिसमें सारसडोल,रुमाल,सोनखार और नेवरगांव में टंकी निर्माण चल रहा है,जो आगामी एक दो माह के अंतर्गत पूर्ण हो जाएगा अभी 32 ग्रामों में शुद्ध पेयजल की सप्लाई सुचारू रूप से चालू कर दी गई है, जिसका लाभ भी गांव वाले लेने लगे हैं, इसके अंतर्गत उगली के निकट संरडी ग्राम में वाटर प्लांट का भी निरीक्षण किया गया जहां पर उपस्थित लैब असिस्टेंट भारतेंदु त्रिवेदी ने जानकारी दिया कि बैनगंगा नदी से वाटर सप्लाई इस वाटर प्लांट में आने के बाद यहां पर ब्लीचिंग पाउडर,(ऐलम) फिटकरी और अन्य खनिज तत्व का मिश्रण इस प्लांट में किया जाता है,उसके बाद शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए जल का निकास किया जाता है, इस प्रोजेक्ट के कार्य आरंभ की तिथि यदि बात करें तो 8 वर्ष लगभग हो चुके हैं, केंद्र शासन की यह करोड़ों की वृहद जिला परियोजना कक्षप गति से क्रियाशील है, यह योजना पूर्ण रूप से संचालित होने के बाद उगली और पां. छपारा,सरेखा क्षेत्र में पेयजल की समस्या नहीं रहेगी।

# जीपीएफ खातों की गुमशुदा कटौतियों के निराकरण हेतु 22 से 25 जून तक जिला स्तरीय शिविर

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** महालेखाकार ग्वालियर के निर्देशानुसार जिला कोषालय बालाघाट, सिवनी एवं मंडला के अंतर्गत आने वाले समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों तथा अभिदाताओं के जीपीएफ (सामान्य भविष्य निधि) खातों की गुमशुदा कटौतियों एवं अप्रविष्ट मदों के निराकरण के लिए 22 जून से 25 जून 2026 तक जिला स्तरीय विशेष शिविर का आयोजन बालाघाट में किया जा रहा है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी सिवनी ने जानकारी देते हुए बताया कि जीपीएफ खातों में लंबित गुमशुदा कटौतियों एवं अप्रविष्ट मदों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में संबंधित अधिकारी एवं अभिदाता अपने प्रकरणों से संबंधित समस्त आवश्यक अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि आहरण एवं संवितरण अधिकारी अपने कार्यालय के शाखा प्रभारी अथवा संबंधित लिपिक के साथ शिविर में उपस्थित होकर लंबित प्रकरणों के निराकरण में सहयोग करें, जिससे जीपीएफ खातों का अद्यतन एवं शुद्धिकरण समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जा सके।

वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने संबंधित सभी अधिकारियों एवं अभिदाताओं से निर्धारित तिथियों में आवश्यक दस्तावेजों सहित शिविर में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ लेने की अपील की है।

# अतिरिक्त कक्षों में संचालित होता है, हाई स्कूल उगली

सिवनी जिले की संवेदनशील तहसील केवलारी की उप तहसील मुख्यालय उगली के निकट संचालित शासकीय हाई स्कूल उगली में लगभग 300 छात्र-छात्राओं की संख्या है, कि यहां पर शाला अतिरिक्त (कक्ष)भवन में संचालित की जा रही है,




**सिवनी। स्वतंत्र मत।** प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑनलाइन पोर्टल में उगली में बनने वाली बिल्डिंग इस क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सकरी में तीन चार दशक पूर्व में बन गई है, जिसके आधार पर ऑनलाइन पोर्टल में उगली में शाला भवन दिखाई देता है, लेकिन हकीकत में यह बिल्डिंग सकरी में बनी हुई है, जिसको लेकर उगली में नई बिल्डिंग स्वीकृत नहीं हो सकती, उगली स्थित ठाकुरबर्रा खेल मैदान के निकट उप तहसील भवन के नजदीक अतिरिक्त कक्षों में विद्यालय संचालित हो रहा है,शाला के प्रभारी प्राचार्य से जानकारी मिली कि इस सत्र में लगभग 300 से अधिक छात्र-छात्राएं विद्यालय में है, हमें शाला भवन जो अतिरिक्त कक्षों में संचालित हो रहा है विद्यार्थियों को बैठाने में खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है, शासन प्रशासन से कई बार निवेदन भी किया जा चुका है,लेकिन किसी प्रकार का कोई समाधान नजर नहीं आ रहा है, नया शैक्षणिक सत्र गत दिवस से आरंभ हो गया है, नवीन विद्यार्थियों के एडमिशन और पूर्व छात्र छात्राओं के आधार पर विद्यालय में प्रतिवर्ष संख्या दर बढ़ती जा रही है, जिसको लेकर शाला प्रबंधन पूरे साल भर विद्यार्थियों को शाला में कहां बैठाले इस चिंता की वजह से ही परेशान नजर आते हैं, जिला प्रशासन से निवेदन है कि शासकीय हाई स्कूल उगली में नवीन भवन की स्वीकृति कर इस गंभीर समस्या से शीघ्र छुटकारा दिलाए।

### इनका कहना है

हमारे विद्यालय यें प्रतिवर्ष नये विद्यार्थी प्रवेश लेते हैं, जिसके आधार पर छात्र संख्या 300 के उपर है, और विद्यालय में छात्र - छात्राओं को बैठालने की गंभीर समष्या बनी रहती है, हम बच्चोँ को अन्य स्कूलों में भेजते हैं, प्रवेश के लिये तो पालकों में नाराजगी देखी जाती है।

**प्रभारी प्राचार्य रवींद्र क्षीरसागर**

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत हितग्राही परिवार को मिला दो लाख रुपये का बीमा लाभ



**सिवनी। स्वतंत्र मत।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया गंगेरूआ शाखा द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत रामदास हितग्राही परिवार की महिला पत्नी तिरनबाई को को मृत्यु उपरांत दो लाख रुपये की बीमा दावा राशि प्रदान की गई। यह राशि स्वर्गीय रामदास निवासी धापरा के परिजनों को प्रदान की गई। यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत नाममात्र प्रीमियम पर जीवन बीमा सुरक्षा उपलब्ध कराई जाती है। योजना के अंतर्गत बीमित व्यक्ति की मृत्यु होने पर उसके नामांकित परिजन को दो लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। उक्त प्रकरण में आवश्यक दस्तावेजों एवं औपचारिकताओं की पूर्ति के बाद बैंक द्वारा दो लाख रुपये की दावा राशि का भुगतान किया गया। क्षेत्रीय प्रमुख समीर कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए बैंक लगातार सी की जानकारी प्राप्त करने की अपील की।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष की उपलब्धियों की प्रदर्शनी का पवन पाटीदार ने किया उद्घाटन, बोले- यह विकसित भारत का रोडमैप है

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने अपने सिवनी प्रवास के दौरान जिला भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित उपलब्धि प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया।



**सिवनी। स्वतंत्र मत।** इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी केवल बीते वर्षों की उपलब्धियों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि विकसित भारत का रोडमैप है, जो देश के भविष्य की दिशा और विकास की गति को प्रदर्शित करती है। प्रदर्शनी में केंद्र सरकार एवं भाजपा शासनकाल के दौरान संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, आधारभूत संरचना विकास, किसानों, महिलाओं, युवाओं एवं गरीब कल्याण से जुड़े ऐतिहासिक कार्यों को चित्रों एवं विवरणों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया था। श्री पाटीदार ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर विभिन्न योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की तथा उपस्थित कार्यकर्ताओं को इन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का सिवनी जिले में संगठनात्मक प्रवास भी इसी दौरान संपन्न हुआ। उनके साथ संभाग प्रभारी अतीत पवार, सह प्रभारी जय किशोर चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष राम पटेल तथा प्रदेश उपाध्यक्ष राव उदय प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

प्रवास की शुरुआत उन्होंने बरघाट क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर बहराई में पूजा-अर्चना एवं वृक्षारोपण कर की। इसके पश्चात उन्होंने बरघाट, धरना जावरकाठी, कोसमी चौराहा, भाजपा कार्यालय बरघाट, नगर परिषद बरघाट, पिंडरईकलां, गणेश मंदिर सिवनी तथा टैगोर वार्ड सहित विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया। टैगोर वार्ड में उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनके विचार भी जाने।

सिवनी के बाहुबली चौक पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उन्हें फलों से तौलकर सम्मानित भी किया। इसके बाद वे जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहां जिले भर से आए कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री पाटीदार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का आधार उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है। उन्होंने संगठन की मजबूती, सामाजिक समरसता तथा विकसित भारत के निर्माण में कार्यकर्ताओं की भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

प्रवास के दौरान उन्होंने जिले के वरिष्ठ भाजपा नेताओं से उनके निवास पर पहुंचकर मुलाकात की तथा सामाजिक कार्यक्रमों एवं विवाह समारोहों में भी सहभागिता की। रात्रि विश्राम सिवनी में करने के पश्चात वे अगले दिन छिंदवाड़ा जिले के संगठनात्मक प्रवास के लिए रवाना हुए।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, जिला महामंत्री संतोष अग्रवाल, गजानंद पंचेश्वर एवं मुकेश बघेल, विधायक दिनेश राय मुनमुन, विधायक कमल मर्सकोले, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रितपाल सिंह बघेल, पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक दुबे एवं प्रेम तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती मुकेश डेहरिया, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रदीप राय सहित भाजपा एवं विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, वरिष्ठजन एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रितपाल सिंह बघेल ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार के इस प्रवास से संगठन को नई ऊर्जा और नई दिशा प्राप्त हुई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा आने वाले समय में संगठनात्मक रूप से नए आयाम स्थापित करेगा।

# राज्य अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष डॉ. जाटव 26 को सिवनी आयेंगे

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव प्राप्त अधिकृत दौरा कार्यक्रम के अनुसार 26 जून 2026 को सिवनी जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डॉ. जाटव 26 जून को नरसिंहपुर से सड़क मार्ग द्वारा अपराह्न 3 बजे सिवनी पहुंचेंगे। डॉ. जाटव अमर शहीद बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस के अवसर पर ग्रैंड रजवाड़ा लॉन, लूघरवाड़ा, सिवनी में आयोजित विचार संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे तथा कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

### नगर पालिका द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित मकानों में हितग्राहियों का कराया गया गृह प्रवेश एवं भूमिपूजन

सिवनी। नगर पालिका परिषद सिवनी द्वारा अंबेडकर वार्ड क्रमांक 22 में प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राही श्रीमति मेहती बाई रजक, श्रीमति गुलाबा बाई यादव, श्रीमति प्रेमा बाई के प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नवनिर्मित 03 मकानों में उनका गृह प्रवेश करवाया गया

## कार्यालय ग्राम पंचायत धारना कलां
## जनपद पंचायत बरघाट जिला सिवनी

**निविदा आमंत्रण सूचना वर्ष 2026- 27 हेतु**

सभी मदों से निर्माण कार्य सामग्री की निविदा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2026 - 27 हेतु के लिए 14 वॉ 15 वित्त आयोग, रोजगार गारंटी योजना, विधायक निधि, स्वच्छ भारत मिशन, परफारमेंस ग्रांट समस्त योजनाओं के निर्माण कार्यो में लगने वाली आवश्यक निर्माण सामग्री सीमेंट, गिट्टी, लोहा, रेत, पेयजल सुधार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक सामग्री हार्डवयर, कंप्यूटर मेंटनेंस, मोटर वाईडिग, प्रकाश व्यवस्था,सुधार सामग्री, मुरम परिवहन, पानी टेंकर, ईट, मिक्शरी मशीन वाइब्रेटर, सेटिंग रोड रोलर पानी के टैंकर एवं अन्य लेखन, सामग्री निक्षेप राशि के साथ भाव पत्र ग्राम पंचायत कार्यालीन समय दिवसों में आमंत्रित किये जाते है। भाव पत्र के संबंध में विस्तूत जानकारी नियम तथा शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय में कार्यालयीन दिवसो में देखी जा सकती है।।

**सरपंच श्रीमती रंजीता ज्ञानसिंह बोपचे ग्राम पंचायत धारना कलां**

**सचिव श्री मोहनलाल डेहरिया ग्राम पंचायत धारना कलां**

जिले का एक मात्र 100 बिस्तर वाला अस्पताल आईएसओ सर्टिफाईड 9001:2008

जिंदल हॉस्पिटल डायग्नोस्टिक्स एंड रिसर्च सेंटर

ब्लड बैंक सुविधा उपलब्ध. सिवनी में पहली 1.5 टेस्ला एमआरआई ऑप्टिकल टेक्नोलॉजी यहाँ पर सभी ऑपरेशन और भर्ती मुफ्त में आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध कराई जाती है। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सुविधा केन्द्र शासन के दिशा निर्देश के तहत दी जा रही है।

हमारी सुविधाएं: एम.आर.आई.,सी.टी. स्केन,डायलिसिस,पैथोलॉजी (सभी प्रकार की जाँच सुविधा)ऑपरेशन सुविधा: हड्डी जोड़ने के लिये नैलिंग प्लेटिंग, रॉड एण्ड इम्प्लांट फिक्सेशन, बिना टांके के बच्चादानी ऑपरेशन, हिप्स और घुटने का रिप्लेसमेंट

दलसागर तालाब के पास भगत सिंह वार्ड सिवनी मो.- 6260196758